सत्यमेव जयते

# आउटकम बजट 2022–23 की स्टेटस रिपोर्ट

## (31 दिसंबर 2022 तक)




**योजना विभाग**

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**

**मार्च 2023**

# विषय सूची


| क्रम संख्या | विभाग | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| I. | परिचय | 1 |
| 1. | शिक्षा निदेशालय | 4 |
| 2. | उच्च शिक्षा निदेशालय | 6 |
| 3.. | प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय | 7 |
| 4. | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग | 9 |
| 5. | समाज कल्याण विभाग | 11 |
| 6. | महिला और बाल विकास विभाग | 12 |
| 7. | खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कार्य विभाग | 13 |
| 8. | रोजगार निदेशालय | 14 |
| 9. | शहरी विकास और अवासन | 15 |
| 10. | दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड | 17 |
| 11. | दिल्ली जल बोर्ड | 18 |
| 12. | परिवहन विभाग | 20 |
| 13 | लोक निर्माण विभाग | 22 |
| 14. | ऊर्जा विभाग | 24 |
| 15 | पर्यटन | 26 |
| 16. | पर्यावरण और वन | 28 |
| 17. | प्रशासनिक सुधार विभाग | 30 |
| II. | आउटकम बजट से सीख और भविष्य की योजनाएं | 31 |

# I. परिचय



विधानसभा अध्यक्ष महोदय,

1. मैं सम्मानीय सदन के समक्ष इस सरकार का लगातार छठा रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए गर्व का अनुभव कर रहा हूं। इसमें आउटकम बजट 2022–23 के अंतर्गत दिसंबर 2022 तक की योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों का विवरण है।

2. महोदय, जैसा कि आप अवगत हैं दिल्ली का आउटकम बजट एक ऐसा अनूठा दस्तावेज होता है जो सार्वजनिक निधि के उपयोग की पारदर्शिता और जवाबदेही का महत्वपूर्ण उल्लेख प्रस्तुत करता है। बजट आवंटन अब केवल वित्तीय उपलब्धियों के रूप में नहीं मापे जाते बल्कि यह मापन योग्य आउटपुट और आउटकम संकेतकों में भी विभाजित हैं, जिनका निरीक्षण बहुत ही आसानी से किया जा सकता है।

3. वर्ष 2022–23 के आउटकम बजट दस्तावेज में कुछ नये संकेतक शामिल किए गए हैं तथा कुछ अनावश्यक संकेतकों को, जिनकी जरूरत नहीं थी उन्हें हटा दिया गया है।

4. आउटकम बजट दिल्ली सरकार की प्रत्येक प्रमुख स्कीम और कार्यक्रम के कार्य निष्पादन को दो प्रकार के संकेतकों के माध्यम से प्रस्तुत करता है:

   (i) 'आउटपुट' से तात्पर्य किसी भी परियोजना या कार्यक्रम के परिणामस्वरूप उपलब्ध कराई गई मूर्त बुनियादी व्यवस्था या सेवा से है– जैसे कि मोहल्ला क्लीनिक की स्थापना, निर्मित शौचालय, संचालित कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम इत्यादि।

   (ii) 'आउटकम' उस सीमा को दर्शाता है जहां तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लोग सार्वजनिक बुनियादी ढांचे या लघु अवधि के दौरान उपलब्ध कराई गई सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं। इस पर नजर रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि आउटपुट की महज उपस्थिति या डिलिवरी सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता और नागरिकों को हुए लाभ का आश्वासन नहीं

है। केवल इन आउटकम की सफल पहुंच ही किसी सरकारी कार्यक्रम के 'दीर्घावधि लक्ष्य' को व्यावहारिक धरातल पर साकार करती है, जैसे कि बेहतर शिक्षण प्रशिक्षण परिणाम, जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, खुले में शौच से मुक्त शहर और रोजगार अवसरों में बढ़ोतरी इत्यादि।

5. मैं, 'आउटकम बजट 2022–23 की स्थिति रिपोर्ट' प्रस्तुत करना चाहूंगा। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो यह सरकार के कामकाज की रिपोर्ट कार्ड है कि विभिन्न विभागों ने किस तरह वार्षिक बजट 2022–23 के तहत आवंटित निधि के साथ अपने लक्ष्यों का निष्पादन किया। यह रिपोर्ट कार्ड विवरण देता है कि आवंटित निधि क्या उस उद्देश्य के लिए खर्च की गई, जिसके लिए दी गई थी। साथ ही यह निधि के उपयोग का आउटकम और 31 दिसंबर 2022 तक आउटपुट और आउटकम संकेतकों के आधार पर एक विभाग के कुल प्राप्तांकों की प्रतिशत के रूप में जानकारी भी देता है।

6. अध्यक्ष महोदय, अब मैं वर्तमान वर्ष के आउटकम बजट के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालूंगा।

## स्वास्थ्य

7. एक हजार आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक के लक्ष्य के मुकाबले में 31 दिसंबर 2022 तक 9 महीने की अवधि के दौरान 518 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक संचालित किए गए। इन मोहल्ला क्लिनिकों से कुल 1.5 करोड़ रोगियों का उपचार हुआ। औसतन प्रत्येक क्लिनिक ने प्रतिदिन 98 रोगियों का उपचार किया और कुल मिलाकर 51 हजार रोगी प्रतिदिन इनसे लाभान्वित हुए।

8. 2.25 लाख संस्थागत प्रसवों की तुलना में आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से दिसंबर 2022 तक 1.68 लाख संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

9. दिसंबर 2022 तक 97 प्रतिशत पात्र लोगों को कोविड टीके की दूसरी डोज और 24 प्रतिशत पात्र लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई।

10. दिसंबर 2022 तक 12 से 18 वर्ष आयुवर्ग के शत–प्रतिशत पात्र बच्चों को कोविड वैक्सीनेशन की पहली डोज लगा दी गई थी।

## शिक्षा निदेशालय

11. शिक्षा निदेशालय ने सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में 10वीं और 12वीं स्तर पर सराहनीय परिणाम हासिल किए। शिक्षा सत्र 2021–22 में सरकारी स्कूलों में 12वीं कक्षा के स्तर पर पास होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 98 फीसदी रहा, जबकि 10वीं कक्षा के स्तर पर यह 97 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया।

12. शिक्षा निदेशालय के 90 प्रतिशत से अधिक सरकारी स्कूल अपने विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं।

13. शत–प्रतिशत स्कूलों ने देशभक्ति पाठ्यक्रम लागू किया है।

## खाद्य और नागरिक आपूर्ति

14. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत दिल्ली ने 72.78 लाख राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों की अधिकतम सीलिंग हासिल की है। दिल्ली के औसतन 65.88 लाख नियमित लाभार्थियों को दिसंबर 2022 तक प्रत्येक महीने निर्धारित राशन मिला।

15. अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत दिसंबर 2022 तक लगभग 59 हजार परिवारों को चीनी के साथ राशन उपलब्ध कराया गया।

16. दिसंबर 2022 तक अन्य राज्यों के औसतन 6.88 लाख लाभार्थियों को प्रति महीने एक राष्ट्र एक राशन कार्ड के माध्यम से खाद्यान्न मिला।

## ऊर्जा

17. बिजली विभाग ने प्रतिमाह 200 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को शुल्क में शत–प्रतिशत की सब्सिडी दी। प्रतिमाह 201 यूनिट से 400 यूनिट बिजली खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 800 रुपए तक की सब्सिडी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 48.86 लाख घरेलू उपभोक्ता सब्सिडी प्राप्त करने के पात्र हैं और 75 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं को सब्सिडी का लाभ मिला।

18. दिल्ली को कुल बिजली आपूर्ति में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा 15 प्रतिशत के बढ़ाकर 28 प्रतिशत कर दिया गया है।

## परिवहन

19. परिवहन विभाग ने सभी सार्वजनिक सेवाएं फेसलेस माध्यम से उपलब्ध कराने की बड़ी पहल की है। अभी तक लगभग 35,19,621 फेसलेस सुविधाओं के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

20. दिसंबर 2022 तक दिल्ली विद्युत वाहन नीति के अंतर्गत 42,738 ई–टूव्हीलर और 36,658 ई–रिक्शा/ई–कार्ट पंजीकृत किए गए। अब तक 93,160 ई–वाहन पंजीकृत किए गए हैं।

21. वन डेल्ही ऐप में 3319 क्लस्टर बसें और 4000 डीटीसी बसें उपलब्ध हैं।

22. 92.31 प्रतिशत डीटीसी बसों में और शत–प्रतिशत क्लस्टर बसों में बस मार्शलों की तैनाती की गई।

## लोक निर्माण विभाग

23. विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जन सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्थलों पर 2.80 लाख कैमरों के लक्ष्य के तहत दिसंबर 2022 तक 2.06 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।

24. आदरणीय महोदय, मैं अब प्रमुख विभागों के संदर्भ में आउटकम बजट 2022–23 की पूर्ण स्थिति रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत करता हूँ।


# 1. शिक्षा निदेशालय



(i) आउटकम बजट 2022–23 में 38 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे, जिनमें कुल 110 आउटपुट/आउटकम संकेतक थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 110 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 32 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 78 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 52(67%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 26(33%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**



**(iii) प्रमुख महत्वपूर्ण संकेतकों की स्थितिः**


- शिक्षा निदेशालय ने सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में 10वीं और 12वीं दोनों कक्षा के स्तर पर सराहनीय परिणाम हासिल किए। शिक्षा सत्र 2021–22 में 12वीं में उत्तीर्णता प्रतिशत 98% और 10वीं में 97% रहा।
- सायं कालीन विद्यालयों का प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2021–22 के 28% से घटकर 24% हो गया।
- दिसंबर 2022 तक दिल्ली के 83 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं।
- शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत आने वाले 90 प्रतिशत के अधिक सरकारी स्कूल अपने विद्यार्थियों की दैनिक उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं।
- शत–प्रतिशत स्कूलों ने अपने सिलेबस में देशभक्ति पाठ्यक्रम शामिल कर लिया है।

# 2. उच्च शिक्षा निदेशालय

(प) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 72 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 22 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 72 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 12 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 60 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 41 (68%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 19 (32%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**


- सूरजमल विहार में गुरुगोविंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के नए पूर्वी कैंपस का 99 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो गया है।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की दिल्ली स्पोर्टस यूनिवर्सिटी ने लुडलो स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में काम करना शुरू कर दिया है। विद्यार्थियों के पंजीकरण का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। शिक्षा सत्र 2023–24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रतिभाओं का चयन पूरा होने के बाद शुरू हो जाएगी।

# 3. प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 67 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 12 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 67 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 06 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 61 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 42 (69%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 19 (31%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**

- तकनीकी और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की कुल संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण बढोतरी हुई है। शिक्षा सत्र 2021–22 में 17396 से बढ़कर 2022–23 में यह संख्या 20069 हो गई है।
- आईटीआई में दिसंबर 2022 तक 10,082 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिला। वर्ष 2021–22 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 10,165 थी।
- दिल्ली सरकार के तकनीकी शिक्षा संस्थानों ने 31 दिसंबर 2022 तक 126 पीएचडी डिग्रियां प्रदान की। वार्षिक लक्ष्य 150 पीएचडी डिग्रियों का है।


- दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के फेज–2 के निर्माण कार्य में 9 मंजिला दो प्रशासनिक ब्लॉक और 12 मंजिला तीन हॉस्टल ब्लॉक बनाए गए हैं। इनसे तीन हजार विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक बुनियादी ढांचे में बढ़ोतरी होगी और छात्रावास में अतिरिक्त 660 लड़कियों और 330 लड़कों को प्रवेश मिल सकेगा।
- दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंसेस एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) में एक नया पाठ्यक्रम बीएससी बायो मेडिकल साइंस शिक्षा सत्र 2022–23 से शुरू किया गया है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम शिक्षा सत्र 2023–24 से शुरू हो जाने की संभावना है।

## 4. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 124 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 23 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार हैः

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 124 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 10 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 114 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 61 (54%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 53 (46%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्टः**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थितिः**

- एक हजार आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक के लक्ष्य के मुकाबले में 31 दिसंबर 2022 तक 9 महीने की अवधि के दौरान 518 आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक संचालित किए गए। इन मोहल्ला क्लिनिकों में कुल 1.5 करोड़ रोगियों का उपचार हुआ। औसतन प्रत्येक क्लिनिक ने प्रतिदिन 98 रोगियों का उपचार किया और कुल मिलाकर 51 हजार रोगी प्रतिदिन इनसे लाभान्वित हुए।
- 2.25 लाख संस्थागत प्रसवों की तुलना में आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से दिसंबर, 2022 तक 1.68 लाख संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराई गई।
- दिसंबर, 2022 तक टीबी से ग्रस्त 57,790 रोगियों का उपचार किया गया, इस अवधि के दौरान अधिसूचित रोगियों की संख्या 77,124 थी।


- औषधि नियंत्रण विभाग ने दिसंबर, 2022 तक लगभग 3320 बिक्री केंद्रों की जांच की और नियम उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर 667 लाइसेंस निलंबित/निरस्त किए गए।
- दिल्ली सरकार के 38 अस्पतालों में प्रतिदिन औसतन 62,906 मरीजों को आईपीडी में और 99,382 मरीजों को ओपीडी में स्वास्थ्य देखभाल सेवा उपलब्ध कराई गई।
- दिसंबर, 2022 तक एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्रों में 785914 लोगों की एचआईवी जांच की गई।
- दिसंबर, 2022 तक दिल्ली राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की योजना "प्रभावित/संक्रमित एड्स/एचआईवी लोगों और अनाथ बच्चों को वित्तीय सहायता" के अंतर्गत 82 प्रतिशत एचआईवी रोगियों/प्रभावित परिवारों को दिल्ली सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई।
- निजी अस्पतालों से 2414 लोगों को कैशलेस उपचार मिला। दिल्ली आरोग्य कोष (डीएके) स्कीम की प्रतिपूर्ति योजना के तहत दिसंबर, 2022 तक निजी परीक्षण केंद्रों पर 62,849 रेडियोलॉजी परीक्षण की अनुशंसा की गई।
- दिसंबर, 2022 तक 97 प्रतिशत पात्र लोगों को कोविड टीके की दूसरी डोज और 24 प्रतिशत पात्र लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई।
- दिसंबर, 2022 तक 12 से 18 वर्ष आयुवर्ग तक के शत–प्रतिशत पात्र बच्चों को कोविड टीके की पहली डोज लगा दी गई थी।

# 5. समाज कल्याण विभाग

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 44 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 10 कार्यक्रम/योजना शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 44 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 9 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 35 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 23 (66%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 12 (34%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**


- वित्तीय वर्ष 2022–23 में दिसंबर 2022 तक लगभग 4.24 लाख वरिष्ठ नागरिकों को मासिक वित्तीय सहायता दी गई। 2021–22 में लगभग 4.52 लाख वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय सहयोग मिला था।
- वित्तीय वर्ष 2022–23 में दिसंबर माह तक विशेष आवश्यकता वाले 1.11 लाख लोगों को वित्तीय सहयोग दिया गया। वित्तीय वर्ष 2021–22 में 1.06 लाख लोगों को यह सहायता मिली।
- राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत एक मुश्त वित्तीय सहायता के लिए दिसंबर 2022 तक 11,109 आवेदन प्राप्त हुए।
- वृद्धाश्रमों की क्षमता 386 से बढाकर 503 हो गई है।
- मनोरंजन केंद्रों पर आने वाले वरिष्ठ नागरिकों की दैनिक औसत संख्या में पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले एक हजार लोगों की बढ़ोतरी हुई है।

# 6. महिला और बाल विकास विभाग

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 68 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 11 कार्यक्रम/योजना शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 68 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 5 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 63 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 45 (71%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 18 (29%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**


- वित्तीय वर्ष 2022–23 में लगभग 3.47 लाख मुसीबतजदा महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता दी गई। जबकि वित्तीय वर्ष 2021–22 में यह संख्या 3.12 लाख थी।
- लगभग 2060 निर्धन विधवाओं को उनकी बेटियों के विवाह के लिए (प्रत्येक को रुपए–30,000/–) वित्तीय सहयोग दिया गया।
- दिसंबर 2022 तक 31743 बालिकाओं को लाडली योजना के अंतर्गत पंजीकृत (जन्म एवं स्कूल में दाखिले के समय) किया गया। 2022–23 की तीसरी तिमाही तक 21336 बालिकाओं को परिपक्वता पर भुगतान किया गया।
- एकीकृत बाल विकास योजना के अंतर्गत 10897 आंगनवाड़ी केंद्रों से लगभग 6.38 लाख बच्चे और गर्भवती/शिशुओं का पालन–पोषण कर रही माताओं को पोषक भोजन, टीकाकरण, स्वास्थ्य सेवा और प्री स्कूल गतिविधियों का लाभ प्राप्त हो रहा है।

# 7. खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कार्य विभाग

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 12 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 4 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 12 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 02 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 10 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 08(80%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 02(20%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**


- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत दिल्ली ने 72.78 लाख राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों की अधिकतम सीलिंग हासिल की है। दिल्ली के 65.88 लाख नियमित लाभार्थियों को दिसंबर 2022 तक प्रत्येक महीने निर्धारित राशन मिला।
- दिसंबर 2022 तक अन्य राज्यों के औसतन 6.88 लाख लाभार्थियों को प्रति महीने एक राष्ट्र एक राशन कार्ड के माध्यम से राशन मिला।
- अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत दिसंबर 2022 तक लगभग 59 हजार परिवारों को चीनी के साथ राशन उपलब्ध कराया गया।
- ऊपर दिए गए लाभार्थियों के अलावा दिसंबर 2022 तक 72.27 लाख लाभार्थियों को प्रतिमाह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के अंतर्गत भी लाभ प्राप्त हुआ।

# 8. रोजगार निदेशालय

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 7 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 2 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 07 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 03 |
| सी | आकलन के लिए (ए–बी) संकेतकों की संख्या | 04 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 03 (75%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 01 (25%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**

- 27 जुलाई 2020 से शुरू हुए रोजगार बाजार पोर्टल पर अब तक रोजगार की तलाश करने वाले 15,88,516 लोग पंजीकरण करवा चुके हैं।
- 01/04/2022 से 31/12/2022 तक रोजगार बाजार पोर्टल पर पंजीकृत कुल नियोक्ताओं की संख्या 5455 है।
- 01.04.2022 से 31.12.2022 तक रोजगार बाजार पोर्टल पर 49816 रिक्तियां पोस्ट की गई।
- वर्ष 2015 से रोजगार मेलों की शुरूआत हुई, जनवरी 2019 तक विभाग महा–रोजगार मेला सहित दस रोजगार मेलों का आयोजन कर चुका है।


# 9. शहरी विकास और आवासन



(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 27 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 7 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 27 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 8 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या(ए–बी) | 19 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 10 (53%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 9 (47%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**



**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थितिः**


- अनधिकृत कालोनियों में डी.एस.आई.आई.डी.सी. और सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा सड़कों की कुल लंबाई 2021–22 के 2660 किलोमीटर से बढ़ाकर दिसंबर 2022 तक 3406 किलोमीटर कर दी गई है।
- डी.एस.आई.आई.डी.सी. और सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा नालियों की कुल लंबाई 2021–22 के 4539 किलोमीटर से बढ़कर 31 दिसंबर 2022 तक 5886 किलोमीटर कर दी गई है।
- कुल 1097 नई परियोजनाओं को निम्नलिखित स्कीमों में मंजूरी मिली है।
  - i) बुनियादी ढांचा विकास जैसे सड़क, गलियां, स्ट्रीट लाइट, स्थानीय पार्क इत्यादि। (एम.एल.ए.–एल.ए.डी.)–823 नई परियोजनाएं एवं कार्य।
  - ii) अनधिकृत कॉलोनियों में आवश्यक सेवाओं का प्रावधान–263 नई परियोजनाएं एवं कार्य।
  - iii) मुख्यमंत्री सड़क पुनरूत्थान योजना–11 नई परियोजनाएं एवं कार्य।

# 10. दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब)

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 36 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 7 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 36 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 7 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 29 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 17 (59%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 12 (41%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**

- वर्तमान में 197 रैन बसेरे संचालित हैं। इनमें 17321 व्यक्तियों के समायोजन की क्षमता है। गर्मियों के दौरान यह क्षमता बढ़कर 19188 व्यक्ति हो गई।
- झुग्गी–झोपड़ी बस्तियों/मलिन बस्तियों में 21016 सीटों के साथ 632 जन सुविधा परिसर उपयोग में हैं। जबकि 6 मोबाइल टॉयलेट वैन में 68 शौचालय सीट उपयोग में हैं। इसके अलावा 643 पोर्टेबल टॉयलेट भी उपयोग में हैं। ये सभी सुविधाएं जनवरी 2018 से निशुल्क हैं।


# 11. दिल्ली जल बोर्ड



(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 61 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 11 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 61 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 8 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 53 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 35 (66%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 18 (34%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**



### (iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति


- जल उत्पादन दिसंबर 2022 तक 995 एमजीडी हो गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2021–22 में जल उत्पादन 929.13 एमजीडी था।
- 27.39 लाख उपभोक्ताओं को दिल्ली जल बोर्ड से पाइप लाइन कनेक्शन से पानी मिल रहा है, लेकिन केवल 21.78 लाख उपभोक्ताओं के पास वाटर मीटर है।
- घरेलू उपभोक्ताओं को औसतन 45.01 करोड़ रुपए प्रतिमाह की जल सब्सिडी दी गई। लगभग 73 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं को जल सब्सिडी मिल रही है।
- अनधिकृत कॉलोनियों में पानी के पाइप लाइन की लंबाई बढ़ाकर 5138.48 किलोमीटर कर दी गई है, ये इन कॉलोनियों में पाइप लाइन नेटवर्क का 99.11 प्रतिशत कवर करते हैं। इसके अलावा 96.67 प्रतिशत अनधिकृत कॉलोनियों में पाइप लाइन से जलापूर्ति की जा रही है। इन कॉलोनियों में लगभग 6.58 लाख उपभोक्ताओं के पास पानी के मीटर लगे है।
- पानी के लगभग 15855 नमूनों की जांच की गई कुल इनमें से 96.9ः नमूने जल गुणवत्ता के अनुरूप पाए गए।

# 12. परिवहन विभाग

(i) (प) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 88 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 15 कार्यक्रमॅस्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 88 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 10 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 78 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 54(69%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 24(31%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**

- दिसंबर 2022 तक दिल्ली में परिचालित कुल बसों की संख्या 7329 है (डीटीसी–4010, 250 ई–बसों सहित और कलस्टर बसें–3319)।
- 3319 कलस्टर बसों में से, कलस्टर बसों का औसत उपयोग प्रतिशत बढ़कर 98.83% हो गया है।
- 4010 डीटीसी बसों में से, औसत उपयोग घटकर 83.2% हो गया है जबकि उपयोग लक्ष्य 86%. का था।
- दिल्ली मेट्रो के चरण–3 में 123.30 किलोमीटर (एनसीआर में 16.32 किलोमीटर सहित) का काम पूरा हो गया है। चरण–4 का काम चल रहा है। इस चरण के पूरा हो जाने पर दिल्ली और

एनसीआर में डीएमआरसी का कुल नेटवर्क लगभग 457 किलोमीटर का हो जाएगा।


- परिवहन विभाग ने सभी सार्वजनिक सेवाएं फेसलेस माध्यम से उपलब्ध कराने की बड़ी पहल की है। अभी तक लगभग 35,19,621 फेसलेस सुविधा के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं।
- ड्राइविंग लाइसेंस देते समय चालन क्षमता की जांच के लिए 15 ऑटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक्स (तीन निजी सहित) शुरू हो चुके हैं। इन ट्रैकों पर प्रतिमाह औसतन 87,480 परीक्षण किए जाते हैं।
- दिसंबर 2022 तक दिल्ली विद्युत वाहन नीति के अंतर्गत 42,738 ई–टूव्हीलर और 36,658 ई–रिक्शा/ई–कार्ट पंजीकृत किए गए। अब तक 93,160 ई–वाहन पंजीकृत किए गए हैं।
- 2610 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन और 2163 स्लो चार्जिंग प्वाइंट तथा 265 फास्ट चार्जिंग प्वाइंड सेटअप, दिसंबर 2022 तक लगाए गए हैं।
- इनके अलावा दिसंबर 2022 तक 234 बैटरी स्वैपिंग प्लाइंट सेटअप लगाए गए हैं। इस अवधि तक पंजीकृत नए वाहनों में से 10.23 प्रतिशत ई वाहन हैं। 56,278 वाहनों को राज्य विद्युत वाहन निधि से सब्सिडी उपलब्ध कराई गई है।
- प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 953 प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र केंद्र खोले गए हैं, जो पीयूसीसी जारी करते हैं। लगभग 66.63% टू व्हीलर और 79.54% फोर व्हीलर प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के साथ सड़कों पर परिचालित हैं।
- वन डेल्ही एप पर 3319 कलस्टर बसें और 4000 डीटीसी बसें उपलब्ध हैं।
- 92.31% डीटीसी और 100% कलस्टर बसों में दोनों पालियों में बस मार्शल की तैनाती की गई है।

# 13. लोक निर्माण विभाग

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 37 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 16 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 37 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 0 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 37 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 25(68%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 12(32%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति**

- विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जन सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्थलों पर 2.80 लाख कैमरों के लक्ष्य के तहत दिसंबर 2022 तक 2.06 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए गए।
- राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर नागलोई के निकट नजफगढ़ नाले पर पुलों को चौड़ा करने का कार्य दिसंबर 2022 तक पूरा हो चुका है।
- आश्रम फ्लाइओवर से डीएनडी फ्लाइओवर तक विस्तार का शत–प्रतिशत कार्य दिसंबर 2022 तक पूरा हो चुका है।
- वजीराबाद और जगतपुर के बीच दोपहिया हाफ अंडरपास का निर्माण कार्य तथा आउटर रिंग



रोड पर गांधी विहार के निकट एक पैदल भूमिगत मार्ग का निर्माण कार्य समीक्षा अवधि के दौरान पूरा हो चुका है।

- चार फुटओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य दिसंबर 2022 तक पूरा हो चुका है। (1. नागलोई मेट्रो पिलर संख्या 364–365, 2. मुल्तान नगर पिलर संख्या 224–225 के नीचे, 3. आश्रम का फुटओवर ब्रिज और 4. मेटकाफ हाउस का फुट ओवर ब्रिज)


# 14. ऊर्जा विभाग



(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 77 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 12 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 77 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 20 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 57 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 27 (47%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 30 (53%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**



**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थितिः**

- बिजली विभाग ने प्रतिमाह 200 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को शुल्क में शत–प्रतिशत की सब्सिडी दी। प्रतिमाह 201 यूनिट से 400 यूनिट बिजली घपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को 800 रुपए तक की सब्सिडी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार 48.86 लाख घरेलू उपभोक्ता सब्सिडी प्राप्त करने के पात्र हैं और 75 प्रतिशत घरेलू उपभोक्ताओं ने सब्सिडी का लाभ प्राप्त किया।
- सरकारी कार्यालय, भवनों में 1304 रूफ–टॉप सोलर पीवी संयंत्र लगाए गए हैं। निजी भवनों में 977 रुफ–टॉप पीवी संयंत्र लगाए गए हैं।
- दिल्ली को कुल बिजली आपूर्ति में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा 15 प्रतिशत के बढ़ाकर 28 प्रतिशत कर दिया गया है।


# 15. पर्यटन विभाग




**(i)** आउटकम बजट 2022–23 में कुल 43 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 14 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 43 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 16 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 27 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 15(56%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 12(44%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट**



### (iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति


- दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम द्वारा दिसंबर 2022 तक 07 मेलों और उत्सवों का आयोजन किया गया। जबकि वर्ष 2022–23 के लिए लक्ष्य केवल 03 था। दो लाख दर्शकों ने इन मेलों/उत्सवों में भाग लिया। वर्ष 2022–23 की अवधि के दौरान 1.5 लाख दर्शकों का लक्ष्य रखा गया था।
- दिल्ली होटल मैनेजमेंट और कैटरिंग टेक्नोलॉजी संस्थान में लड़कों और लड़कियों का छात्रावास तथा स्टाफ क्वार्टर का 75 प्रतिशत निर्माण कार्य दिसंबर 2022 तक पूरा हो चुका है।

# 16. पर्यावरण और वन विभाग

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 79 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 19 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 79 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 15 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 64 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 47 (73%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 17 (27%) |

## (ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:




## (iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:

- दिसंबर 2022 तक शत–प्रतिशत उद्योग लगातार उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (सीईएमसी) से लैस थे।
- एसटीपी, सीईटीपी, यमुना नदी, नाले, ईटीपी की निगरानी के लिए दिसंबर 2022 तक 568 बहिस्रु स्राव नमूनों की जांच की गई, लक्ष्य 768 नमूनों की जांच का था। इनमें से 28.3 प्रतिशत नमूने निर्धारित मानकों पर खरे उतरे। इसी प्रकार सीईटीपी से 226 नमूनों की जांच की गई, लक्ष्य 312 नमूनों की जांच का था। इनमें से 78 प्रतिशत नमूनों ने निर्धारित मानक उपेक्षाएं पूरी की।
- दिसंबर 2022 तक ईटीपी से 1000 नमूनों के लक्ष्य पर 112 नमूनों की जांच हुई, इनमें से 93.6 प्रतिशत नमूने मानकों पर खरे उतरे।


- दिसंबर 2022 तक जल और वायु अधिनियमों के तहत कुल प्राप्त 7399 आवेदनों में से 4946 आवेदनों को मंजूरी दी गई।
- दिसंबर 2022 तक प्रदूषण नियंत्रण नियम और अधिनियमों के तहत 46.8 प्रतिशत इकाईयां, निर्देश जारी किए जाने के बाद, बंद कर दी गई।
- जैव चिकित्सा कचरा प्रबंधन विनियम 2016 के अंतर्गत 90 दिनों के अंदर 62.61 प्रतिशत आवेदन निपटा दिए गए।
- दिसंबर 2022 तक प्रदूषण रोधी नियमों के उल्लंघन के आरोप में ग्रीन डेल्ही एप पर प्राप्त 75.08 प्रतिशत शिकायतों का समाधान निर्धारित समय सीमा के भीतर कर दिया गया।
- उद्योगों, बिजली संयंत्रो, होटलों इत्यादि के उत्सर्जन की निगरानी के लिए दिसंबर 2022 तक 70 नमूनों का परीक्षण किया गया, इनमें शत–प्रतिशत नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए। 2022–23 के दौरान 800 नमूनों के परीक्षण का लक्ष्य था।
- सभी 24 परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र काम कर रहे हैं।
- दिसंबर 2022 तक असोला भाटी वन्य जीव अभयारण्य के बाहर 1.78 लाख पौधे लगाए गए। वर्ष 2022–23 के दौरान 2.44 लाख पौध रोपण का लक्ष्य है।
- दिसंबर 2022 तक वन क्षेत्र में 10.78 लाख पौधों का रोपण किया गया, 2022–23 के लिए लक्ष्य 9.84 लाख पौध रोपण का है।
- 03 नगर वन विकसित किए गए हैं और जनता के लिए खोले गए हैं। 2022–23 के दौरान 06 नगर वन विकसित करने का लक्ष्य है।
- विभागीय नर्सरियों से दिसंबर 2022–23 तक 4.85 लाख अंकुरित पौधे निशुल्क वितरित किए गए। वर्ष 2022–23 के दौरान 4.29 लाख पौधों के वितरण का लक्ष्य था।
- दिसंबर 2022 तक वनों में 34200 हेक्टेयर हरित क्षेत्र बढाया गया।

## 17. प्रशासनिक सुधार विभाग

(i) आउटकम बजट 2022–23 में कुल 13 आउटपुट/आउटकम संकेतकों के साथ 03 कार्यक्रम/स्कीम शामिल किए गए थे। वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक आउटपुट/आउटकम संकेतकों का सारांश इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| ए | संकेतकों की कुल संख्या | 13 |
| बी | "लागू नहीं" संकेतकों की संख्या | 00 |
| सी | आकलन के लिए संकेतकों की संख्या (ए–बी) | 13 |
| (i) | 'ऑन ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 10 (77%) |
| (ii) | 'ऑफ ट्रैक' संकेतकों की संख्या | 03 (23%) |

**(ii) प्रगति दर्शाता पाई चार्ट:**




**(iii) प्रमुख संकेतकों की स्थिति:**

- 'डोर स्टेप डिलीवरी' स्कीम के अंतर्गत कुल 82684 सेवा अनुरोध पूरे किए गए।
- 'पीजीएमएस'– जन शिकायत निपटान योजना' के अंतर्गत प्राप्त 96541 शिकायतों में से 84243 शिकायतों का निपटान किया गया।
- कुल प्राप्त 38551 ई–आरटीआई में से 23825 ई–आरटीआई का निपटान 30 दिनों के अंदर कर दिया गया।

## II. आउटकम बजट से प्राप्त सीख और भविष्य की योजना

25. अध्यक्ष महोदय, दिल्ली का व्यापक आउटकम बजट एक अनूठी बजटीय पहल है जो स्कीम और कार्यक्रमों की निगरानी प्रकिया में बदलाव ला रही है। यह न केवल आम लोगों और हमारे विभागों के लिए एक प्रभावी उपकरण है बल्कि विभिन्न विभागों और उनके कार्यक्रमों का अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी है। यह माननीय मंत्रियों द्वारा समय–समय पर स्कीमध्कार्यक्रमों की प्रगति की ट्रैकिंग और निगरानी के लिए एक प्रभावी तंत्र भी है। यह एक ऐसा दस्तावेज है जिसका अनुकरण देश के अन्य राज्य कर सकते हैं।

26. आउटकम बजट के संदर्भ में विभिन्न विभागों के कार्य निष्पादन की समीक्षा एक अतिरिक्त पहल है जो इस सरकार का एक अनुकरणीय और साहसिक कदम है जो वर्ष के अंत में मात्रात्मक और पारदर्शी तरीके से किए गए सरकार के कार्यों का स्व–आकलन प्रस्तुत करता है। सरकार के विभिन्न विभाग अब कही अधिक सक्रिय हैं और लक्ष्य आधारित प्रयासों से काम करते हैं, जिसका बेहतर परिणाम मिलता है।

27. आउटकम बजट शासन प्रणाली का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है और यह सरकार को सभी विभागों की रैंकिंग, उनके कार्य निष्पादन के आधार पर करने में सहायक है।

28. आउटकम बजट 2023–24 तैयार करने का कार्य योजना विभाग द्वारा जल्द ही किया जाएगा और आउट कम बजट की प्रति सभी माननीय सदस्यों को भेजी जाएगी और इसे योजना विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा जो विभिन्न संकेतकों के संदर्भ में वर्ष 2022–23 की उपलब्धियों और 2023–24 के लक्ष्यों की जानकारी, इनकी लगातार निगरानी के लिए प्रस्तुत करेगा।

योजना विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार